Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, website: www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष २८ अंक ११ इलाहाबाद रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जून २०१८ पृष्ठ ८ मूल्य: १०+०५ रु.मात्र

## ट्रेनों की गति बढ़ाने को 'मिशन रफ्तार' का आयोजन




नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने फ्रेट ट्रेनों तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति में वृद्धि करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में एक दिवसीय कार्यशाला, 'मिशन रफ्तार' का संचालन किया। रेल राज्य मंत्री राजेन गोहेन रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्विनी लोहानी ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोर्ड के सभी सदस्य, रेल मंडलों के महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रेल तथा कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह कार्यशाला, भारतीय रेल के उच्च प्रबंधन के साथ फ्रेट तथा यात्री ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने पर विचार-विमर्श करने का एक प्रयास है। इसके साथ ही समय बद्धता, ट्रैफिक के संदर्भ में गतिरोधों को दूर करना, मानव रहित रेलवे क्रासिंग को समाप्त करने जैसे मामलों पर चर्चा की गयी। भारतीय रेल समयबद्धता के साथ इन समस्याओं को समाधान ढूंढने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि २०१७- २०१८ में कोयले की लदान ५५५ मीट्रिक टन थी जो सर्वाधिक है। पिछले तीन महीनों में कोयला लदान में १८.७ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रेल और कोयला मंत्रालय एक दूसरे के साथ तालमेल से कार्य कर रहे हैं ताकि ऊर्जा संयंत्रों को कोयले की कमी न हो। मिशन रफ्तार को लागू करने में रेल अधिकारियों को सबसे अच्छी विशेषज्ञता प्राप्त है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्विनी लोहानी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय रेल की भविष्य की जरूरतों पर विचार करना है। भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है।

## प्रधानमंत्री ने किया दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के फेज-१ का शुभारंभ

नई दिल्ली/बागपत। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार २७.०५.२०१८ को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दो नवनिर्मित एक्सप्रेसवे देश के नाम समर्पित किये। इनमें से पहला निजामुद्दीन सेतु से दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा तक विस्त त १४ लेन वाले अभिगम नियंत्रित दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का प्रथम चरण है। देश के नाम समर्पित दूसरी परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या १ पर कुंडली से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या २ पर पलवल तक विस्तृत १३५ किलोमीटर लंबा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) है। एक बार कार्य पूर्ण हो जाने पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे देश की राजधानी से मेरठ जाने में लगने वाले समय एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के अनेक दूसरे भागों में जाने में लगने वाले समय को काफी कम कर देगा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के शुभारंभ के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री ने राजमार्ग के परीक्षण के लिये कुछ किलोमीटर तक खुली जीप में यात्रा की,नवनिर्मित मार्ग पर एकत्रित लोगों ने उनका अभिवादन किया। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे




(ईपीई) दिल्ली के लिये अनियत यातायात को मोड़ कर राष्ट्रीय राजधानी में भीड़भाड़ एवं प्रदूषण को कम करने के दोहरे लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देगा। इस अवसर पर बागपत में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का समूचा प्रसार जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे दिल्ली में यातायात की भीड़भाड़ कम करने में मददगार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने में आधुनिक अवसंरचना की एक महत्वपूर्ण भूमिका है । उन्होंने सड़कों, रेलवे, जलमार्गो इत्यादि समेत ढांचागत व्यवस्था के निर्माण में उठाये जा रहे कदमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने अवसंरचना विकास की गति में वृद्धि के उदाहरण दिये। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया कि कैसे स्वच्छ भारत अभियान, एवं उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन महिलाओं के जीवन को आसान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रदान १३ करोड़ ऋण में से ७५ प्रतिशत से अधिक महिला उद्यमियों को दिये गए हैं। प्रधानमंत्री ने अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये उठाये जा रहे कदमों का उल्लेख भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में ग्रामीण एवं ँक षि संबंधी अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिये १४ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### दिसम्बर तक गंगा होगी निर्मल

हरिद्वार। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गंगा कुम्भ से पहले १५ दिसम्बर तक पूरी तरह साफ हो जायेगी। उक्त बातें योगी ने दिनांक २८.०५.२०१८ सोमवार को हरिद्वार में बनाये गये उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा १०० कमरों वाले पर्यटक आवास के शिलान्यास के दौरान कही, इसके लिए योगी ने कड़े निर्देश भी दिए। उन्होंने ने कहा कि उत्तराखंड सरकार के साथ सभी परिसंपत्तियों पर विवाद जल्द खत्म करके साथ मिलकर काम किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने उतर प्रदेश को विकासयुक्त बनाने में योगी सरकार द्वारा उठाये गए कदमों की सराहना की।

# रेल मंत्रालय और आरसीआईएल ने वर्ष २०१८-१९ के लिए सहमति-पत्र पर किए हस्ताक्षर



नई दिल्ली। रेल मंत्रालय और इसके प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आने वाले सीपीएसई रेलटेल निगम लिमिटेड (आरसी आईएल) ने एक सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये। आरसीआईएल देश भर में दोहरीकरण नई लाइन विद्युतीकरण कार्यशालाएं इत्यादि जैसी विभिन्न रेल परियोजनाएं पूरा करती हैं। सहमति-पत्र पर २२ मई को रेलवे बोर्ड के सचिव रंजनेश सहाय और आरसीआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन काशीनाथ ने हस्ताक्षर किए और वर्ष २०१८-१९ के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए वित्तीय और भौतिक दोनों लक्ष्य निर्धारित किये। इस अवसर पर आशुतोष वसंत (निदेशक पीओएम) अंशुल गुप्ता (अंश-कालिक आधिकारिक निदेशक) आदि अधिकारी मौजूद थे।

रेलटेल कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड मिनी रत्न (श्रेणी-१) सार्वजानिक उपक्रम देश के सबसे बड़े न्यूट्रल दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं में से एक है, रेलटेल के पास पूरे भारत में रेलवे ट्रैक के साथ आप्टिक फाइबर नेटवर्क है और रेलटेल का ओ फ सी नेटवर्क भारत के सभी महत्वपूर्ण शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपस्थित है तथा देश की ७० फिसदी आबादी को कवर करता है, मजबूत राष्ट्रव्यापी उपस्थिति के साथ रेलटेल अत्याधुनिक तकनीक लाने और भारतीय दूरसंचार के लिए नवीन सेवाओं की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध है, रेलटेल रेल संचालन और प्रशासन नेटवर्क प्रणाली के आधुनिकीकरण के अलावा देश के सभी भागों में राष्ट्रव्यापी ब्राडबैंड दूरसंचार और मल्टीमीडिया नेटवर्क प्रदान करने में भी सबसे आगे है।सहमति-पत्र के लक्ष्यों के अनुसार आरसीआईएल ने परिचालन से १२०० करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा है। आरसीआईएल के अन्य लक्ष्य सीसीटीवी और वाई-फाई लगाने का है।

***किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।***

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# मेलाक्षेत्र को मिलेगा मुफ्त वाईफाई

इलाहाबाद। कुम्भ में आये श्रद्धालुओं को मेलाक्षेत्र में मुफ्त वाईफाई कि बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएस-एनएल) के महाप्रबंधक से मुलाकात कर मुफ्त वाईफाई में आने वाले खर्चो पर चर्चा की। अभी तक सेक्टर एक और दो में ही इस सुविधा को लागू करने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन पूरे मेलाक्षेत्र में आये सभी श्रद्धालुओं को बेहतर इंटनेट की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए मंथन चल रहा है।

# मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक इलाहाबाद में सम्पन्न




इलाहाबाद। मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय सभा कक्ष इलाहाबाद में मंडल रेल उपयोग-कर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक दिनांक २५.०५.१८ को मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में सकुशल सम्पन्न हुई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंडल की प्रगति एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित किये गये प्रमुख कार्यो से सभी सदस्यों को अवगत कराया तत्पश्चात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्री सुविधाओं पर प्रकाश डाला तथा सुझाव हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया। जैसा कि डी आर यू सी सी मीटिंग का उद्देश्य रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से सबंधित मामलों में परामर्श के अधिकाधिक अवसर प्रदान करना तथा प्रभावी सुधार हेतु उपाय एवं साधन की खोज करना है।

इसी कड़ी में समिति के सदस्यो में सर्व प्रथम राकेश कुमार गुप्ता ने अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्मो पर नए कोच इंडिकेटर लगाने तथा स्टेशन के पास खुली जगह को कवर्ड करने एवं अतिक्रमण को हटाकर विकास करने एवं शौचालय की स्वच्छता पर जोर दिया तथा शिव नारायण शर्मा ने स्वचालित सीढ़ी जल्द लगाने पे एंड यूज शौचालय बनाने तथा एक नया प्लेटफार्म व् एफ ओ बी बनाने व् स्टेशन के सुन्दरीकरण पर जोर दिया। राजकुमार मित्तल ने फिरोजाबाद स्टेशन के टिकट घर के पास पानी की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया।

ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं सतीश मिश्र ने मंडल द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना एवं प्रशंसा की तथा कुम्भ मेला की तैयारियों हेतु आगाह किया और विकलांगो की सुविधा में वृद्धि किये जाने पर जोर दिया।विनय कुमार टंडन ने कुम्भ मेला के समय प्रमुख स्नान पर्वो पर तीन दिन पहले पार्सल बंद न किया जाए इससे खाद्य सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है तथा गाड़ियों को समय से चलाने पर जोर दिया। मनीष कुमार गुप्त ने इलाहाबाद स्टेशन पर ई रिक्शा खड़े करने की उचित व्यस्था करने तथा टिकट चेकिंग के माध्यम से आय बढ़ाने पर जोर दिया। सुरेश जगजीत यादव तथा प्रमोद कुमार बंसल ने गाड़ियों को समय से चलाने पर जोर दिया।

हिमांशु गुप्ता ने कानपुर से फर्रुखाबाद के बीच नई गाड़ी चलाने पर जोर दिया तथा विजय कुमार अरोरा ने कानपुर शताब्दी को इलाहाबाद से चलाने तथा इलाहाबाद से कानपुर के बीच एक नई गाड़ी चलाने पर जोर दिया।मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सम्मानित सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाव पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

अन्त में अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, एनामुल हक तथा मंडल के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

# युवाओं को मिला रेल में नौकरी का एक और सुनहरा अवसर

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने रेलवे सुरक्षा बल/रेलवे सुरक्षा विशेष बल में कान्सटेबल के ८६१६ पदों (४४०३ पुरुष और ४२१६ महिला) और उप-निरीक्षकों (८१६ पुरुष और ३०१ महिला) के ११२० पदों की भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। पिछले कुछ महीनों पहले रेलमंत्री पियूष गोयल ने एक लाख दस हजार पदों की भर्ती की सौगात देते हुए कहा था कि जल्द ही रेलवे आरपीएफ/आरपीएसएफ में ६७३६ पदों की भर्ती की जायेगी।अधिक जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www. indianrailways. gov.in पर जाएं।

## एल.एच.बी. और आई.सी.एफ. कोच के बारे में कुछ खास

आईये जानते हैं एल. एच.बी. और आई.सी.एफ कोच में कुछ खास अन्तर।

एल.एच.बी. कोच की एवरेज स्पीड १६० से २०० किमी होती है जबकि आई.सी.एफ कोच की स्पीड ७० से १४० किमी प्रति घंटा तक होती है। इस स्पीड पर ये दोनों कोच सुरक्षित तरीके से दौड़ते हैं। एल.एच.बी. कोच में एंटी टेलीस्कोपिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है जिसके कारण इस ट्रेन के डिब्बे दुर्घटना के वक्त आसानी से पटरी से नहीं उतर पाते हैं। आई.सी.एफ. कोच में Air Brake & Thread Brake System का इस्तेमाल किया जाता है जिससे तेज गति से चलती ट्रेन को अचानक रोकने में थोड़ा ज्यादा वक्त लगता हैं। जब की एल.एच. बी. कोच में Disk brake system का इस्तेमाल किया गया है. Disk brake system के इस्तेमाल से तेज गति से चलती ट्रेन को जल्दी रोका जा सकता है।

एल.एच.बी. कोच स्टेलनेस स्टील और एल्यूमिनियम से बनाये जाते हैं जबकि आई.सी. एफ. कोच को Mild steel से बनाया जाता है। माइल्ड स्टील से बने होने के कारण आई.सी.एफ. में दुर्घटना के दौरान अधिक जान माल की हानि होती है. एल.एच. बी. कोच का व्हील बेस आई.सी. एफ. कोच के मुकाबले कम होता है जो ट्रेन के हाई स्पीड होने पर भी ट्रेन को सुरक्षित रखता हैं। एल.एच.बी.कोच में माइक्रोप्रोसेसर का इस्तेमाल किया गया है जो कोच के कई कामों को कंट्रोल करता है।

एल.एच.बी. Coach sound level 60 Decibel का होता है जिसके वजह से इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को तेज आवाज नहीं झेलना पड़ता है. जबकि आई.सी.एफ.कोच का साउंड लेबल 100 Decibel होता है जिसके कारण यात्रियों को असुविधा होती है।

# रीवा एक्सप्रेस में लगे एलएचबी कोच

## संरक्षा की दृष्टि से भी होते हैं बेहतर




इलाहाबाद।रीवा एक्सप्रेस अब एलएचबी कोच के साथ इलाहाबाद से आनंद विहार (ट) का सफर तय करेगी, गाड़ी सं १२४२७/१२४२८ में अभी तक पुराने सीबीसी कोच ही लगे हुए थे। उत्तर मध्य रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार एलएचबी कोच (लिंक हाफमैन बुश) लगने से ट्रेन की गति बड़ने के साथ ही साथ ये यात्री सुविधा और संरक्षा की दृष्टि से भी बेहतर होते हैं, इसमें कुल २२ कोच लगाये गये हैं जिससे स्लीपर,थर्ड एसी और सकेंड एसी के कोच में शायिकाओं की संख्या में भी बडोत्तरी हो गयी है।

इसमें स्लीपर में ७२ के स्थान पर अब ८० बर्थ, थर्ड एसी में ६४ के स्थान पर ७२ और सकेंड एसी में ४६ के स्थान पर ५२ बर्थ उपलब्ध होंगी, एलएचबी कोच लगने से रेल यात्रियों का सफर पहले से और आरामदायक होगा।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# वरिष्ठ नागरिकों,बीमार एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशनों में एस्केलेटर एवं लिफ्ट की सुविधा

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से तीनों मंडलों के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में आने-जाने में सुविधा के मद्देनज़र फुट ओवर ब्रिज के साथ लिफ्ट एवं एस्केलेटर का निर्माण कर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराई जा रही है, ताकी वरिष्ठ नागरिकों, बीमार यात्रियों एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए सुविधा हो सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनो मंडलों बिलासपुर, रायपुर, एवं नागपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों में वरिष्ठ नागरिकों, बीमार एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए लिफ्ट एवं एस्केलेटर का निर्माण किया गया है। वर्तमान में उपलब्ध लिफ्ट एवं एस्केलेटर के अलावा अतिरिक्त लिफ्ट एवं एस्केलेटर की सुविधा प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। बिलासपुर मंडल के बिलासपुर स्टेशन में २ एस्केलेटर उपलब्ध है और २ स्केलेटर प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही रायगढ़, चम्पा में २-२ एस्केलेटर प्रदान करने की योजना है। रायपुर रेल मंडल के रायपुर में ४ एवं दुर्ग में २ स्केलेटर वर्तमान में सेवारत है तथा २-२ और एस्केलेटर लगाने की योजना है। इसी प्रकार नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन में एवं राजनांदगांव में २-२ एस्केलेटर प्रदान करने का कार्य प्रगति पर है तथा उक्त दोनों स्टेशन पर २-२ अतिरिक्त स्केलेटर की सुविधा प्रदान करने की योजना है। इसी प्रकार लिफ्ट की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर ०१ लिफ्ट कार्यरत है तथा एक और लिफ्ट स्वीक त है एवं बिलासपुर में २, पेन्ड्रा में २, उमरिया में २, उसलापुर में २ लिफ्ट की सुविधा प्रदान करने की योजना है। रायपुर मंडल के रायपुर एवं दुर्ग में ३-३ लिफ्ट प्रदान की जा चुकी है एवं भिलाई पावर हाउस में तीन लिफ्ट स्वीकृत किये गये है। नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव में २ लिफ्ट प्रदान की जा चुकी है तथा गोंदिया में एक लिफ्ट ईतवारी में २, भन्डारा रोड में २ लिफ्ट की सुविधा प्रदान करने की योजना है।

# उत्तर रेलवे ने चलाया विभिन्न स्टेशनों पर टिकट जाँच अभियान

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने एक माह तक चलने वाले गहन टिकट जाँच अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे सेक्शनों और रेलगाड़ियों में अनारक्षित श्रेणियों में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है जहां यात्री यातायात और टिकटों की बिक्री में उल्लेखनीय कमी देखी गयी है। मार्ग में पड़ने वाले ठहरावों पर मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर और ईएमयू/डीईएमयू रेलगाड़ियों में टिकट जाँच कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल और अधिकारियों द्वारा घेराबंदी करके और आकस्मिक रूप से गहन जाँच की जा रही है। दिनांक १६.०५.२०१८ से २८.०५.२०१८ तक की अवधि के दौरान चलाए गए अभियान के परिणामस्वरूप कुल ७१६०६ बिना टिकट/अनियमित टिकटों पर यात्रा करने के मामले पकड़ में आए उनसे ३.५२ करोड़ रूपये वसूल किए गए। इसके अंतर्गत बिना टिकट यात्रा करने वाले १७७०६ यात्रियों से १.०८ करोड़ रूपये और अनियमित टिकटों पर यात्रा करने वाले ५२६०३ रेलयात्रियों से २.४४ करोड़ रूपये वसूल किए गए। इस अभियान के दौरान कुल २६६२ टिकट जाँच कर्मचारियों और १४० रेल सुरक्षा बल के जवानों को लगाया गया था। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर घेराबंदी वाली जाँच दिनांक २२. ०५.२०१८ को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी घेराबंदी जाँच की गयी जिसमें १११ टिकट जाँच कर्मचारियों और रेल सुरक्षा दल के १५ जवानों को लगाया गया। बिना टिकट यात्रा करने वाले ३२७२ लोगों से किराये और जुर्माने के रूप में १४,७८,६६०/- रूपये वसूल किए गए । दिनांक २४.०५.२०१८ को दिल्ली जं० रेलवे स्टेशन पर एक घेराबंदी जाँच की गयी जिसमें १०६ टिकट जाँच कर्मचारियों और रेल सुरक्षा दल के १६ जवानों को लगाया गया । बिना टिकट यात्रा करने वाले ३७७५ लोगों से किराये और जुर्माने के रूप में १७,००,५५०/- रूपये वसूल किए गए। दिनांक २७.०५.२०१८ को लुधियाना रेलवे स्टेशन पर एक घेराबंदी जाँच की गयी जिसमें २० टिकट जाँच कर्मचारियों को लगाया गया। बिना टिकट यात्रा करने वाले २५० लोगों से किराये और जुर्माने के रूप में १,२१,५५०/- रूपये वसूल किए गए। दिनांक २८.०५.२०१८ को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर एक घेराबंदी जाँच की गयी जिसमें ७२ टिकट जाँच कर्मचारियों और रेल सुरक्षा दल के ०४ जवानों को लगाया गया।

# भारतीय रेल के भव्य स्टेशन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ने पुरे किये १३० वर्ष

मुम्बई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (पूर्व में विक्टोरिया टर्मिनस) ने २० मई २०१८ को अपने निर्माण के १३० वर्ष पूरे कर लिए हैं। मध्य रेल का मुख्यालय भवन जिसका लोक प्रिय नाम विक्योरिया टर्मिनस (अब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) है वास्तु-कला का उत्कृष्ट नमूना है। प्रारम्भ में इस भव्य भवन में जीआईपी (ग्रेट इंडियन पेनिसुलर) रेलवे का कार्यालय स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। ताज महल के पश्चात् यह इस भवन के सबसे अधिक फोटो खीचे जाते हैं। इस भवन का डिजाइन वास्तुकार फ्रेडरिक स्टीवेंस ने तैयार किया था। इसके निर्माण में एक दशक का समय लगा तथा



१६,१३,८६३ रूपये की लागत आई। स्टीवेंस के द्वारा डिजाइन किए गए इस ऐतिहासिक टर्मिनस को उस समय एशिया के सबसे बड़े भवन का दर्जा हासिल था। इसका निर्माण १८७८ में शुरू हुआ और १८८७ में महारानी विक्टोरिया के नाम पर इसका नाम विक्योरिया टर्मिनस रखा गया। १९९६ में इसका नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रखा गया। जुलाई २०१७ में इसका नाम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रखा गया। २००४ में यूनेस्को ने इस भवन को वास्तु कला की उत्कृष्टता के लिए विश्व विरासत की सूची में स्थान दिया। दिसंबर २०१२ से इस विरासत भवन को सभी कार्य दिवस में लोगों के भ्रमण के लिए खोला गया है। गाथिक शैली में डिजाइन किए गए इस भवन को भारतीय संदर्भ के अनुरूप निर्मित किया गया था। यह एक सी-आकार की इमारत है जिसका निर्माण पूर्व पश्चिम धुरी पर समरूप तरीके से किया गया है। पूरी इमारत का सर्वोत्कृष्ट बिंदु मुख्य गुंबद है। इस पर एक विशाल महिला की आकृति (१६ फुट ६ इंच) है। उसके दाहिने हाथ में एक ज्वलंत मशाल है जो ऊपर की ओर इशारा करता है और बाएं हाथ में एक कमानीदार पहिया है जो प्रगति का प्रतीक है। २०१३ में भवन के १२५ वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष डाक कवर जारी किया गया था।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# एपी एक्सप्रेस की दो बोगियां जलकर खाक

## यात्रियों ने पेंट्रीकार की इमरजेंसी विंडो तोड़ बचाई जान

ग्वालियर। उत्तर मध्य रेलवे के परिक्षेत्र में ग्वालियर के बिड़लानगर स्टेशन के समीप दिल्ली से विशाखापट्नम जा रही एपी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या २२४१६) की दो बोगियां बी-६ और बी-७ सोमवार दिनांक २१.०५.२०१८ की सुबह करीब ११.५० के आसपास अचानक आग की चपेट में आ गयी, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गयी, ट्रेन में दिल्ली से भोपाल लौट रहे मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा के ३६ अधिकारी के साथ साथ सेना के जवान भी मौजूद थे जिन्होंने यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। आग का विकराल रूप देख किसी तरह चेन पुलिंग और पेंट्रीकार की इमरजेंसी विंडो तोड़ यात्रियों ने अपनी जान बचाई, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, यात्रियों द्वारा बताई गयी आपबीती के अनुसार कोच बी- ७ के शौचालय के पास हुई स्पार्किंग आग लगने का कारण हो सकती है, सूत्रों ने रेल समाचार ब्यूरो को बताया कि मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया था।

# नहीं रहे प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डा.वी.के.अग्रवाल

इलाहाबाद। प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ और मोती लाल नेहरु मेडिकल कालेज के पूर्व प्रोफेसर डा.वी.के.अग्रवाल ने इलाहाबाद में दिनांक २०.०५.२०१८ की सुबह थर्न्हिल रोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

शुरुआती शिक्षा के बाद डा.वी.के.अग्रवाल बाल रोग में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए इंग्लैण्ड भी गए, बाल रोग में विशेषज्ञता के चलते ही सरोजिनी नायडू के बाल रोग विभाग के पहले विभागाध्यक्ष भी रहे। इन्हीं कारणों से चिकित्सा जगत में उन्हें पहला बाल रोग विशेषज्ञ माना जाता था।

इसी के साथ उन्होंने जाग्रति अस्पताल की भी स्थापना की, मरीजों को अपने बातचीत से ही चिंतामुक्त कर देने वाले डा. अग्रवाल अपने पीछे दो पुत्र ड़ा. संजीव अग्रवाल, डा. विक्रम अग्रवाल एवं पुत्रवधू डा.कविता अग्रवाल और अनुराधा अग्रवाल को छोड़ गए, जो की इलाहाबाद में उनके द्वारा स्थापित श्रेष्ठ अस्पतालों में शुमार गुरु कृपा जाग्रति अस्पताल की बागडोर संभाल रहें हैं।

# मोहम्मद आकिब जावेद रेल कर्मचारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए लौटाए कीमती सामान

नई दिल्ली। दिनांक १७.०४.२०१८ को जम्मूतवी से चली १२४२६ जम्मूतवी-नई दिल्ली राजधानी रेलगाड़ी के प्रथम वातानुकूलित डिब्बे में तैनात लिनन परिचर मोहम्मद आकिब जावेद (आईडी नं ००८०) ने यात्रा के बाद छूट गए पर्स और दूसरे कीमती सामान उसके मालिक को वापिस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया। यह रेलगाड़ी दिनांक १८.०४.२०१८ की सुबह नई दिल्ली पहुँची थी । रेलगाड़ी खाली होने के बाद कोच परिचर मोहम्मद आकिब जावेद ने एच-१ कोच से लिनन इकट्ठे करते हुए वहां यह पर्स और कीमती सामान पड़ा हुआ देखा। यह सामान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना का था। जावेद ने यह सामान संभाल कर रख दिया। कुछ ही देर बाद खन्ना अपना सामान ढूँढते हुए वहां वापस आए तो कर्मचारी जावेद ने वह सामान लौटा दिया। अपना सामान वापस मिलने पर खन्ना ने रेल कर्मचारी का आभार व्यक्त किया और माननीय रेलमंत्री को भी इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कर्मचारी को उचित पुरस्कार दिए जाने की संस्तुति की। उत्तर रेलवे इस आग्रह पर विचार कर रही है।

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त है।

# SER Organises "Swachh Rail Swachh Bharat" special drive on cleanliness of Stations

**Kolkata: South Eastern Railway is organizing a month long "Swachh Rail Swachh Bharat" special drive on cleanliness of all major stations over its jurisdiction w.e.f. 25th May to 24th June, 2018. As a part of this special cleanliness drive, all important stations are taken and identified for cleaning in a vigorous manner at every nook and corner. Healthier and hygienic atmosphere should be prominently visible at the stations for coziness of passengers. Besides regular cleanliness drive, measures like on Board House Keeping, Feedback Survey and Third Party Assessment of cleanliness are being adopted by railways to improve the quality of cleanliness. Intensive cleanliness drives are being made through mechanized cleaning system at stations and in trains. To create extensive awareness amongst rail users and passengers, posters, banners, leaflets are put up at various areas of stations to attract the attention of the passengers for their consciousness about cleanliness. Skits (Nukkad) are being staged at different stations of S E Railway to give the message of "Swachh Rail Swachh Bharat" for cleaner railway stations. CCTVs are also being used for monitoring the cleanliness drive. Officers and staff from different departments are being deployed in this massive cleanliness drive. Passengers of different classes are being interviewed as a feedback about cleanliness and their suggestions have been taken for betterment of railways in respect of cleanliness.**

*Forgiveness is a virtue of the brave*
*(INDIRA GANDHI)*

# GENERAL MANAGER, SR APPRECIATES AGILE ON DUTY TRAFFIC STAFF

Chennai:Shri.R.K. Kulshrestha, General Manager, Southern Railway appreciated the alertness and presence of mind of Shri. Saji, Sweeper-cum-Porter who averted a possible rail mishap and enabled safety precautions on time in a recent incident. In recognition of his exemplary dedication to his duty, the General Manage presented a Certificate of Merit and a cash award of Rs.2000/-. On 10th of May 2018, A freight train laden with Food Corporation of India (FCI) rice consignment from Vriddhachalam was entering Mukhasaparur Station's loop-line to enable the crossing of Sale– Vriddhachalam DEMU Passenger when Shri. Saji, on duty Sweeper-Cum-Porter noticed flames and smoke emanating from the front axle of the 13th wagon from Engine of the Freight train. Immediately, he attracted the attention of the Loco Pilot by showing HOT AXLE Signal. As soon as the Loco Pilot stopped the train in the berthing track, the crew (loco pilot/guard) of the train rushed to the wagon to put out the fire. Meanwhile, the quick thinking Sweeper cum Porter Shri Saji rushed to the spot with the station fire extinguisher and put off the fire. The cautious approach and quick presence of mind of the agile staff has averted a possible rail mishap and also saved rice produce worth lakhs of rupees.



After the crossing of the Vriddhachalam – Salem Passenger, the freight wagon with the hot axle was detached and the freight train was despatched to Chinnasalem safely.

# अब टिकट कन्फर्मेशन के संभावना की जानकारी भी देगा रेलवे

नई दिल्ली। अब भारतीय रेलवे अपने यात्रियों को टिकट कन्फर्मेशन कि जानकारी की संभावना से भी अवगत करायेगा। अभी तक कुछ निजी वेबसाइट ही इस बात की जानकारी देती थीं जो पूरी तरह सटीक नही होती थी। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से आईआरसीटीसी ने अपनी वेबसाइट पर इन सुविधाओं को जोड़ी हैं, जो की मुख्य पृष्ठ पर अंकित होगी इसके लिए आईआरसीटीसी के यूजर्स को लागिन की आवश्यकता नही होगी।

रेलवे बोर्ड के सदस्य यातायात ने बताया कि इसके लिए पिछले दो सालों के डाटा को खंगाल कर यात्रियों को निजी वेबसाइट की अपेक्षा रेलवे आधिक बेहतर और सटीक जानकारी उपलब्ध करा सकेगा, क्योंकि यह सुविधा निजी एजेंसियों के पास उपलब्ध नहीं है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मानव युक्त एवं मानव रहित समपार फाटक से संबंधित संरक्षा अभियान

बिलासपुर। रेलवे बोर्ड से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा मानव रहित समापर फाटक एवं मानव युक्त रेलवे समापर फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं रेलवे नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये संरक्षा संबंधित उपायों के साथ ३० दिनों का संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।

इस बात को ध्यान में रखते हुये संरक्षा विभाग द्वारा जोन के कार्यक्षेत्र में आने वाले समस्त मानव रहित रेलवे समपार फाटक एवं मानव युक्त रेल समपार फाटक को उपयोग करते समय बरती जाने वाली नियमों एवं सावधानियों के प्रति जागरूक रहने के लिये फाटक से फाटक जाकर एवं दूरदराज इलाको के फाटक के समीप बसे ग्राम के पंचायतों के जरिये ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ गांव से बहार उपस्थित स्कूल जाने वाले बच्चों को भी सुरक्षित फाटक पार करने के नियम व सावधानियों के बारे में बताई जा रही है ताकि किसी संभावित दुर्घटना के शिकार होने से बच सके।

इसके लिये जोनल एवं मंडल स्तर पर कार्य किये जा रहे है। जिसमें स्काउट एवं गाईड के छात्रों की भी सेवा ली जा रही है। वरिष्ठ सेफ्टी काउंसलों द्वारा लोको पायलेटों, रेलवे गार्डो को रेलवे नियम के बारे में जानकारी दी जा रही है।

साथ ही फाटक पार करने वाले वाहन चालकों को भी नियमो की पर्ची का वितरण किया जा रहा है तथा नियमों एवं सावधानियों के बारे जानकारी दी जा रही है।

# Vinod Kumar Yadav Presents Man of the Month Awards to Alert Staff



Secunderabad: Vinod Kumar Yadav, General Manager, South Central Railway presented "Man of the Month" safety awards to six employees who have shown absolute dedication and alertness in the duty and taken timely action to prevent unsafe conditions. He conducted review meeting on improvement of punctuality and Loading on 7th May, 2018 at Rail Nilayam, Secunderabad along with Principal Heads of Dept. The DRMs of all six Divisions i.e. Secunderabad, Hyderabad, Vijayawada, Guntakal, Guntur and Nanded joined the review meeting through video conference. Shri V. K. Yadav emphasized on according top priority to improve punctuality and ensure safety by minimizing asset failures which are leading to loss of punctuality and late running of trains. He instructed all the staff and officials to carefully monitor each and every aspect of failures like Diesel Loco failures, Electric Loco failures, Signal & Telecommunication failures, Alarm Chain Pulling, weld failures etc which are leading to loss of punctuality. He instructed all the DRMs to pay special attention for improving and maintaining the punctuality. Vinod Kumar Yadav also held a detailed review on freight loading .He instructed the DRMs to ensure optimal loading over the zone and advised to put all possible efforts to reach the target. While reviewing the passenger amenities, he instructed the DRMs to follow the norms laid down by the Railway Board recently as per the classification of stations. The passenger amenities are to be provided as per the re-categorization of stations, he added. John Thomas, Additional General Manger; Smt. Padmini Radhakrishnan, PFA; Shri K.V.Siva Prassad, PCE; Shri N.Madusudhan Rao, PCOM; Shri M.G.Sekharam, Principal Chief Commercial Manager; Shri Vijay Agrawal, CAO (Const.); Shri V.M.Srivastava, PCSTE; Shri Arjun Mundiya, Principal Chief Mechanical Engineer; Shri A.A.Phadke, Principal Chief Electrical Engineer; Shri P.K.Sangewar, Principal Chief Material Manager; Shri N.V. Ramana Reddy, PCPO; Shri K.H.K.Dora, Principal Chief Medical Director; Shri D.K.Singh, CSO and Shri Sanjay Sankrityayan, Chief Security Commissioner were amongst the officials present.

# SER TO INSTALL BIO-TOILETS IN MORE THAN 1800 TRAIN COACHES IN THE CURRENT FINANCIAL YEAR

Kolkata: "Bio-Toilet project" of Indian Railways is an innovative & indigenous development of technology. This technology is first of its kind being used by any railroad in the world for on-board accelerated digestion of human waste. These bio-toilets are fitted underneath the lavatories and the human waste discharged into them is acted upon by a colony of anaerobic bacteria that convert human waste mainly into water and small amount of bio-gases. The gases escape into atmosphere and waste water is discharged after chlorination on to the track. Human waste, thus, does not fall on the railway tracks thus improving cleanliness and hygiene at platforms, and facilitate track and coaches maintenance staff to perform their work more efficiently. The Bio-toilet project is very much aligned with 'Swachh Bharat Mission', launched by Hon'ble Prime Minister of India. The technology for Bio-toilets has been innovated, designed and is 'Made in India'. It has been developed jointly by Indian Railways' Engineers & DRDO's scientists. It is one example where the technology developed for defence applications has been utilised for civilian purpose. Adaption and large scale deployment of the technology has been facilitated by collaboration between DRDO, RDSO and the field units of Indian Railways.

# साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेनों में चलित हाउस कीपिंग की सुविधा

बिलासपुर। यात्रियों को चलित गाड़ियों में साफ सुथरी एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने वाली २२ एक्सप्रेस गाड़ियों में चलित हाउस कीपिंग(OBHS)की सुविधा प्रदान की गयी है। बिलासपुर से रवाना होने वाली १० एक्सप्रेस गाड़ियां में जैसे १८२३७/३८ छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, १८२३४/३३ नर्मदा एक्सप्रेस, १८२५५/५६ इंटरसिटी एक्सप्रेस, एवं १८२३६/४० शिवनाथ एक्सप्रेस, १८२५१/५२ बिलासपुर-चैन्नई एक्सप्रेस, १२८४६/५० बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, २२८१५ / १६ बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, २२८४३/४४ बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, १८२४३/४४ बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, १८२४५/४६ बिलासपुर -बीकानेर एक्सप्रेस, रायपुर रेल मंडल के दुर्ग से प्रारंभ होने वाली १२एक्सप्रेस गाड़ियों १२८५३/५४ अमरकटक एक्सप्रेस, १२८२३/२४ सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, १८२०१/०२ नौतनवा एक्सप्रेस, १८२०३/०४ बेतवा एक्सप्रेस, १८२०५/०६ दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, १८२०७ / ०८ दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, १२५४६/५० जम्मूतवी एक्सप्रेस, १८२१३/१४ जयपुर एक्सप्रेस, १८२१५/१६ जम्मूतवी एक्सप्रेस, २२८०७ दुर्ग-निजामुदीन हमसफर एक्सप्रेस, ०८७६१ दुर्ग-जम्मूतवी स्पेशल एक्सप्रेस, १८२४१/१८२४२ दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस एवं गोंदियां से प्रारंभ होने वाली एक एक्सप्रेस गाडी १२०६६/७० जनशताब्दी एक्सप्रेस में चलित हाउस कीपिंग (OBH) सुविधा दी जा रही है। चलित हाउस कीपिंग (OBH) के तहत गाड़ियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं में सुधार करने के लिए और स्वच्छ हालत में कोच परिसर को रखने के लिए प्रत्येक गाडियों में सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है जो यात्रा के दौरान ट्रेन के साथ और ट्रेन मार्ग में सफाई के लिए एक निश्चित यूनीफार्म में सफाई सामग्रियों के साथ उपलब्ध रहता है। इसका बेहतर प्रबंधन हेतु रेलवे के अधिकारियों द्वारा इसकी मानिटरिंग तथा इसका सभी डिवीजन से भी इसकी काउंसलिंग कराई जा रही है। इसके अलावा यात्रियों को कोच को साफ रखने एवं कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए अनुरोध भी किया जा रहा है। इसके अलावा बिलासपुर से शुरू होने वाली सभी चलित गाड़ियों में यात्रियों के सफाई संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही एवं निराकरण हेतु एसएमएस एवं वेब आधारित शिकायत सुविधा का प्रावधान भी किया गया है। इस सुविधा का लाभ सुबह ०६.०० बजे से रात्रि १०.०० बजे तक उठाया जा सकता है। इसके लिए यात्रियों को CLAN<10DigitPNR > लिखकर 58888 पर SMS करना होगा। www.cleanmycoach.com में भी शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

# वित्तीय वर्ष २०१७-१८ में टिकट चेकिंग आय में हुई अभूतपूर्व वृद्धि

लखनऊ। मण्डल स्तर पर चल रहे सतत टिकट चेकिंग अभियान के तहत दिनांक १७-०४-२०१८ को बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्रियों के विरुद्ध उतरेटिया, आलमनगर और मोहनलाल गंज रेलवे स्टेशनों पर चेकिंग अभियान चलाया गया, इस चेकिंग में गाडी संख्या १४३०७ प्रयाग-बरेली,१३०१० दून एक्स, १५७१६ गरीब नवाज एक्स.,१४६७३ जय नगर-अम तसर, शहीद एक्स., ५४३७७ प्रयाग- बरेली पैसेंजर, १४२०६ दिल्ली- फैजाबाद एक्स., १४२०८ दिल्ली- प्रतापगढ़ पद्मावत एक्स. सहित अनेको गाडियों में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान गाडियों में ५८७ बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्रियों का चालान किया गया जिनसे रु. २,५६,६५०/ का जुर्माना वसूला गया।

इस टिकट चेकिंग अभियान में श्री एस.एस.यादव, सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, मुख्य टिकट निरीक्षक व २४ टिकट चेकिंग कर्मचारी, आर.पी.एफ. के ०८ कर्मचारी एवं जी.आर.पी के ०५ कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष २०१६-१७ में लखनऊ मंडल कि टिकट चेकिंग आय रु. २६,८६,८१,०१८ जो विगत वर्ष २०१७-१८ में बढकर रु. ४१,८२,३२,१२६ अर्जित की गई, जो विगत वर्ष की तुलना में ५५.६६ अधिक है, मंडल रेल प्रबंधक सतीश कुमार ने टिकट चेकिंग आय में हुई अभूतपूर्व व द्धि के लिये वाणिज्यिक अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त कि की वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी टिकट चेकिंग आय में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

# Kesamudram Railway Station Upgraded as Adarsh Station



Secunderabad: Shri A. Seetaram Naik, Hon'ble MP, Mahububabad along with Hon'ble MLA Shri B.Shankar Naik inaugurated the New Station Building at Kesamudram as part of Upgradation as Adarsh Railway Station, on 28th April, 2018. Shri D.A.Subhrahmanyam, ADRM, Secunderabad Division, Shri Sumit Sharma, Sr.DCM also participated. Declared as one of the twenty two "Adarsh stations" on SCR, various renovation works together with many upgraded passenger amenities are provided at this station at a cost of Rs.1.35 crores. The works undertaken at Kesamudram Railway station are Construction of new station building in place of dilapidated one with wide concourse, general waiting hall, toilet facilities, new Pay & Use Toilets. Point of sale (PoS) machine are also provided at booking cum reservation counters to encourage digitalized cash less transactions. Furthermore, one Automatic Ticket Vending Machine is provided with a facilitator for convenience of the passengers. In an effort to make the station accessible to the Senior Citizens and Divyang, facilities like at the entrance, anti-slippery walkway, an exclusive booking counter are provided. Paved circulating area and parking facilities are provided. Mobile charging facility, computer based public address system are also in place. The station presently handles 24 daily and 4 non-daily express/passenger trains carrying an average of 1842 passengers with an average earning of 0.59 lakhs per day.

# कानपुर शताब्दी का एसी फेल, उबलते रहे यात्री




कानपुर। दिनांक २८.०५.२०१८ सोमवार का दिन कानपुर से नई दिल्ली जा रहे ६६० यात्रियों के लिए बेहत तकलीफदेह रहा, सुबह के ०६.०० बजे कानपुर सेंट्रल से रवाना हुई ट्रेन १५ मिनट बाद पनकी पहुंचते ही सभी बोगियों का एसी कार्य करना बंद कर दिया वीआइपी ट्रेन होने के कारण इसको रोका भी नहीं जा सका। इस भीषण गर्मी में लगभग सवा घंटे उबलने के बाद इटावा पहुंचते-पहुंचते यात्रियों का सब्र टूट गया और हंगामा करना शुरू कर दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने से रेलवे मंत्रालय तक मामला पहुंचा तब जाकर उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों की नींद टूटी और इटावा में ही एसी को ठीक कर ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

# हज-२०१८ की अवशेष धनराशि जमा करने की तिथि अब ०५ जून

लखनऊ। मौजूदा समय में चल रहे रमजान माह तथा लोगों की पुरज़ोर माँग के मद्देनज़र हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा चयनित हज यात्रियों द्वारा हज की अवशेष धनराशि जमा करने की तिथि बढ़ाकर आगामी ०५ जून कर दी गयी है।यह अवशेष धनराशि पहले २३ मई, २०१८ तक जमा की जानी थी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव एवं कार्यपालक अधिकारी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा सूची से चयनित किए गये हज यात्री कम से कम ८१,००० रूपये की धनराशि अवश्य जमा कर दें, ताकि उनकी सीट की पुष्टि की जा सके।



**Suresh J. Yadav**
Member DRUCC, Allahabad
(NORTH CENTRAL RAILWAY)

NEXGEN
NEXT GENERATION COMPUTER EDUCATION
Join today for better tomorrow...

# NEXT GENERATION COMPUTER EDUCATION

## Allahabad's Leading Professional IT Training Institute

www.rtnexgen.com | info.rtnexgen@gmail.com

**Head Office:**
41/52, Sai Krishna Plaza, Mundera-Bazar, Allahabad-211011

**Branch Office:**
503 & 504, Ganeesham 2 Commercial, 5th Floor.
Near Govind-Yashada Chowk, Pimple Saudagar - 411027

*"NEXT GENERATION COMPUTER EDUCATION (NexGen) Is an ISO 9001:2015 Certified Organization. The Institute is established in 2016 and it is one of the leading computer institutes in Allahabad. NexGen offers more than 150+ computer courses in +the field of Multimedia & Animation, Graphics Designing, Web Designing, Software Programming, CAD, Accounting, Web Development Programs to fulfill the student with Computer literacy to avail better employment. The institute also offers vocational training programs through Certificate courses, Diploma courses, Advanced Diploma Courses and Masters Diploma courses in subjects related to the use of computers. These vocational courses are constantly updated according to the current trend in the IT industry. Training is conducted in comfortable and spacious labs equipped with computers which are constantly updated with the latest technology.*

## OUR COURSES






## WHY NEXGEN?

- 100% Practical, Individual attention.
- Highly qualified and experienced instructors.
- Professional Live Projects & Industrial Visits.
- Job Assistance on Local, National & International level.
- Highly equipped computer lab with more than 150 Pcs.
- 100% Job placement for eligible candidates.

100% JOB PLACEMENT 100% JOB

*Our Affiliations:*

JAS-ANZ CERTIPORT Microsoft

***For more information please call:*** **+91-9129884111, +91-9129675222**





# अध्यात्म, विज्ञान और स्वच्छता का संगम लेकर आयेगा प्रयाग महाकुम्भ-सुरेश खन्ना

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने ऋषिकेश में परमार्थ गंगा तट पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को २०१६ में होने वाले प्रयाग महाकुम्भ में आंमत्रित किया। उन्होने स्वामी चिदानन्द सरस्वती द्वारा वैश्विक स्तर पर जल, पर्यावरण, स्वच्छता और शान्ति के लिये किये जा रहे कार्यो की भूरि-भूरि प्रशन्सा करते हुये स्वामी जी का अभिनन्दन किया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि वहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का नेतत्व है, उनके नेतत्व में २०१६ का महाकुम्भ अध्यात्म, विज्ञान और स्वच्छता का संगम लेकर आयेगा। कुम्भ के दौरान हमारा प्रयास होगा की वहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं तक हम स्वच्छता एंव जल संरक्षण का संदेश पहुंचायें। यह विचार सुरेश कुमार खन्ना ने ऋषिकेश में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गंगा की स्वच्छता के लिए आओ भागीरथ बने। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने देश के विभिन्न राज्यों से कथा श्रवण करने आये श्रद्धालुओं का देवभूमि में स्वागत करते हुये कहा कि माननीय त्रिवेन्द्र सिंह जी के नेत त्व में राज्य की सरकार निर्मल और अविरल गंगा अभियान, नदियों एवं तालाबों के पुनरूद्धार तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्य कर रही है और इस दिशा में विलक्षण परिवर्तन भी हो रहा है यह राज्य के लिये गर्व का विषय है।

गंगा दशहरा के अवसर पर निर्मल गंगा, अविरल गंगा के लिये सभी संतों एवं श्रद्धालुओं 'वाटर ब्लेसिंग सेरेमनी' सम्पन्न की। सभी संतों ने माननीय मंत्री सुरेश खन्ना जी, और सुबोध उनियाल जी, कथाव्यास मुरलीधर जी को पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक रूद्राक्ष का पौधा भेंट किया।

**अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें प्लेटफार्म पर नहीं**

## सम्पादकीय

# पौधों से ही बचेगी धरती

गर्मी के शुरुवाती दिनों में ही पारा ४२ से ४५ के आस पास हो गया है। यह देखने को मिल रहा है कि साल दर साल तापमान में बड़ोत्तरी होती जा रही है।

निरंतर इस बदलाव से भी लोगों के सोच समझ में कोई बदलाव देखने को नही मिल रहा है, यह बहुत ही चिंता का विषय है, जिस तरह पेड़ों और जंगलों को काट कर इस आधुनिक युग में लोग तपिश से बचने के लिए क तिम सुविधाओं की तरफ भाग रहे हैं। इसका अंदाजा आने वाले वर्षों में लगाया जा सकता है, और तो और गावों के बगीचे भी अब देखने को नहीं मिल रहे हैं साथ ही साथ जंगलों को काट कर खेती का प्रचलन भी तेजी से बड रहा है। जरा सोंचिये साहब अगर यही हालात रहे तो आने वाली पीढ़ी कैंसे बगैर हरियाली के जीवन यापन करेगी।

मगर आज भी अगर लोग अगर इस बात को समझ जाएँ तो भी धरती को बचाया जा सकता हैं, इसलिए अपने घर के बाहर एक पौधा जरुर लगायें, इसके अलावा जहां भी खाली स्थान नजर आए वहीं पौधे लगाकर हरियाली लाने में जरुर अपनी भागीदारी दें।

## पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणिक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशकः
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

मुद्रक- एस.एस. प्रिन्टर्स, बाघम्बरी अल्लापुर, इलाहाबाद। से मुद्रित एवं कैम्प केन्द्रीय कार्यालय ५०२, पंचशिला त्रिवेणी रोड, इलाहाबाद। (वितरण केन्द्र) केन्द्रीय कैम्प कार्यालय ८४/३६ आर्य नगर पहाड़गंज नई दिल्ली-५६ फोन नं. -०५३२-२४१८०४० फैक्स नं- ०५३२-२५५८८४७ आर.एन.आई नं. ५१०६७-६०- पोस्ट ए.डी-८ कम्पूटीरक त प्रेस इ. ब्लाक वर्क्स जीरो रोड, इलाहाबाद


**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा**

## अगले अंक में

१. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय इलाहाबाद में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन
२. नहीं रुक रही है स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग।
३. वित्तीय वर्ष २०१७-१८ में टिकट चेकिंग आय में हुई अभूतपूर्व वृद्धि।
४. रेल मन्त्रालय द्वारा जारी पत्रों की सुनवाई।
५. रेल विभागीय द्वारा जारी पत्रों पर सुनवाई।
६. महाप्रबंधक द्वारा अत्याधुनिक रेल प्रगति पर अपने विचार।
७. रेल मजदूर यूनियन का आपसी तालमेल।
८. पिछड़ी जातियों को रेल में कितना दखल।
९. रेल राजपत्रित अधिकारियों के कानूनी प्रकार।

## सभी डी.आर.यू.सी.सी.सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है,क पया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044

## रेल कर्मी-मैरिज ब्यूरो

सभी रेल कर्मियों के सुविधा हेतु मैरिज ब्यूरो सम्बन्धी एक बाक्स प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें रेल कर्मी मात्र एक सौ रूपये भेज कर वर-बधु का परिचय पत्र तीन बार प्रकाशित करा सकते हैं।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव - प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो
प्रधान सम्पादकः- रेल समाचार ब्यूरो
Phone : (0532) 2418040 Fax : (0532) 2558847
Mobile : 9793956044, 8826765066

## संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar Paharganj, New Delhi-55 (U.P.)
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Punchsilla, Triveni Road, Kydganj Allahabad.
Ph. : 2418040 Fax : 0532-2558847
(M) 9793956044, 8826765066
Office Sect. :
S. Katar, Jawahar

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*